हरिभूमि
# भिवानी-दादरी भूमि
रोहतक, बुधवार, 2 जुलाई, 2025

11 किसानों ने विधायक के भाई को ज्ञापन सौंपा




12 किसान सभा व एसकेएस की चेतावनी 16 तक मांगें....











## खबर संक्षेप

### सामान्य अस्पताल में रक्तदान शिविर आज

**भिवानी।** चौधरी बंसीलाल सिविल अस्पताल स्थित ब्लड बैंक में श्रीदक्ष प्रजापति महाराज की जयंती के उपलक्ष्य में नवदुर्गा सेवा सहयोग संस्था द्वारा रक्तदान कैंप लगाया जाएगा। कैंप दो जुलाई बुधवार को प्रातः 9 बजे से दोपहर 1 बजे तक होगा। संस्था के संस्थापक सुरेश सैनी व पार्षद विनोद प्रजापति, श्रीदक्ष प्रजापति महासंघ के प्रधान सुरेश प्रजापति ने बताया कि शिविर में मुख्यतिथि विधायक घनश्यामदास सर्राफ होंगे। संस्था की ओर से युवाओं और आमजन से अपील की कि वे जरूरतमंदों के जीवन को बचाने में अपनी भागीदारी सुनिश्चित करें।

### डायल 112 कर्मचारियों से मारपीट का आरोपी दबोचा

**भिवानी।** थाना जूई कला पुलिस ने डायल 112 गाड़ी के इंचार्ज के साथ अभद्र भाषा का प्रयोग कर चोट मारने व ड्यूटी में बाधा डालकर धमकी देने के मामले में आरोपी को गिरफ्तार करने में सफलता हासिल की है। उप निरीक्षक अनूप सिंह ने थाना जूई कला पुलिस को इस बारे में शिकायत दर्ज करवाई थी। इसी मामले में आरोपी को गांव ढाब ढाणी से गिरफ्तार करने में सफलता हासिल की है।

### जिला एथलेटिक्स प्रतियोगिता छह को

**भिवानी।** हरियाणा एथलेटिक्स एसोसिएशन के प्रधान दिलबाग सिंह एडवोकेट ने बताया कि छह जुलाई को जिला एथलेटिक्स प्रतियोगिता इंटरनेशनल बाबा अकादमी दिनोद में होनी निश्चित हुई है। प्रतियोगिता में चयन होने के बाद वो खिलाड़ी करनाल कर्ण स्टेडियम में 15 व 16 जुलाई को राज्य स्तरीय प्रतियोगिता में भाग लेंगे। खिलाड़ी जन्मतिथि का मूल प्रमाण पत्र लेकर आए। प्रतियोगिता कोच राजेश कुमार व कोच राममेहर बूरा की देखरेख में होगी।

### आधे घंटे की जबरदस्त बारिश ने प्रशासन की व्यवस्थाओं की खोली पोल

# भिवानी में मानसून की बारिश में डूबा शहर, एक से डेढ़ फुट तक पानी भरा



जिला प्रशासन ने जगह जगह पंपसेट लगवाकर जल निकासी करवाई। पानी की निकासी होने पर लोगों ने राहत की सांस ली।

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिवानी

अल सुबह साढ़े पांच बजे आधे घंटे की जबरदस्त बारिश ने प्रशासन के व्यवस्थाओं की पोल खोल दी। करीब आधे घंटे की बारिश ने शहर को पानी पानी कर दिया। कहीं पर एक फुट तो कहीं पर डेढ़ फुट तक बारिश का पानी जमा हो गया। बारिश के पानी के बीच से ही लोगों को गंत्तव्य तक जाना पड़ा। वहीं शहर व ग्रामीण इलाकों में स्थित स्कूल परिसरों में भी बारिश का पानी जमा हो गया। बाद में जिला प्रशासन द्वारा जगह जगह पम्पसेट लगवाए तो पानी की निकासी शुरू हो पाई। उसके बाद लोगों को राहत मिली। दूसरी तरफ बारिश से किसानों के चेहरे खिल उठे। क्योंकि बारिश से फसलों की औसतन पैदावार में बढौतरी होने की उम्मीद है।

अल सुबह जिस वक्त लोगों की नींद खुली। उस वक्त आसमान से जमकर पानी बरस रहा था। कुछ देर तक तो लोगों को समझ नहीं आया कि बारिश हो रही या फिर किसी अन्य चीज की आवाज है,लेकिन जब चारपाई छोड़कर बाहर निकले तो आसमान से जमकर पानी गिर रहा था। करीब आधे घंटे तक आसमान से जमकर पानी बरसा। लोगों का तर्क था कि जब वे रात को सो गए तो उस वक्त जबरदस्त हुमस बनी हुई थी। कूलर व पंखे भी उनके आगे बेबस नजर आ रहे थे। कूलरों के आगे भी लोगों को गर्मी ही लग रही थी। लेकिन सुबह साढ़े चार बजे नींद टूटी तो आसमान से गिर रहे पानी की वजह से मौसम का मिजाज भी एकदम सुहानवना हो गया। पारा भी लुढक कर 32 डिग्री सेल्सियस पर आ गया। जिस वजह से लोगों को गर्मी व उमस से राहत मिल पाई। पूरे दिन मौसम सुहावना बना रहा।





**भिवानी।** बारिश के जमा पानी को चिर कर गंत्तव्य की ओर जाती कार और बारिश के पानी से गुजरता राहगीर। फोटो : हरिभूमि

### शिवनगर कॉलोनी, सामान्य अस्पताल रेलवे स्टेशन के पास ज्यादा परेशानी हुई

वैसे तो आसमान से लोगों के लिए राहत बरसी। क्योंकि कई दिनों से लोग गर्मी व उमस से खासे परेशान थे,लेकिन आज बारिश हुई। उस बारिश ने शहर के अनेक इलाकों में जलभराव की स्थिति बना दी। शहर के ढलान वाले इलाकों में तो दो से ढाई फुट तक बारिश का पानी जमा हो गया। जो कि आमजन के लिए खासी परेशानी का कारण बना रहा। शिवनगर कॉलोनी, सामान्य अस्पताल के पास, रेलवे स्टेशन, छाजुराम चौक, एसपी आवास के पास, रोहतक गेट, हनुमान ढाणी इलाके में बारिश के पानी से लोगों को खूब परेशानी हुई। हालांकि करीब दो घंटे बाद बारिश के पानी की निकासी हुई तो लोगों को राहत मिली। वहीं अंदरूनी बाजार में भी बारिश के पानी ने लोगों के खूब पसीने छुड़ाए। लोग बारिश के पानी को पार करने में दो से ढाई गुणा समय लगा। पानी की निकासी होने के बाद ही लोगों को राहत मिली।

### फसलों में होगा जबरदस्त फायदा, धान की रोपाई ने पकड़ी गति, औसतन पैदावार बढ़ेगी

पिछले कई दिनों से गर्मी व उमस से हर कोई परेशान था। जीव जंतुओं के अलावा फसलें भी बिन बारिश के मुरझाने लगी थी। आज जो बारिश हुई है। वह फसलों के लिए जीवनदायिनी के समान है। क्योंकि बारिश होने से पहले फसलें मुरझाने लगी थी। फसलों का फुटाव भी बंद हो गया था। फसलों का फुटाव बंद हो गया तो उसकी औसतन पैदावार घटना लाजिमी है। पर आज जो बारिश हुई है। उससे खरीफ की फसलों में जबरदस्त फायदा होगा। जिनमें कपास, ज्वार व बाजरे की फसल शामिल है। दूसरी तरफ इस वक्त बारिश होने से धान की फसल की रोपाई ने तेजी पकड़ ली। किसान कई दिनों से बारिश का इंतजार कर रहे थे। आज बारिश होते ही किसानों ने अपने खेतों में धान की रोपाई आरंभ कर दी। क्योंकि धान की फसल की रोपाई का सही वक्त है। अगर इस वक्त रोपाई हो जाती है तो फसलों की अच्छी औसतन पैदावार होगी।

### आज भी बारिश की संभावना, फिर ब्रेक

कृषि विज्ञान केंद्र के कृषि एवं मौसम विशेषज्ञ डॉ देवीलाल सहारण ने बताया कि मंगलवार को जिले में अनेक जगहों पर बारिश हुई। बुधवार को भी बारिश की गतिविधियां जारी रहेंगी। उसके बाद तीन व चार जुलाई को बारिश पर ब्रेक रहेगा। या यूं कहिएं की मानसून की गतिविधियां धीमी रहेगी। उसके बाद छह जुलाई को फिर से मानसून सक्रिय होगा और जमकर बादल बारिश करेंगे। उन्होंने बताया कि आज जो बारिश हुई है। उससे खरीफ की फसलों में जबरदस्त फायदा होगा। क्योंकि इस वक्त खरीफ की फसलों को सिंचाई की जरूरत थी। वह बारिश ने पूरी कर दी। अब फसलों में बेहतरीन फुटाव होगा और उसके बाद औसतन पैदावार में काफी बढौतरी होगी। फिलहाल आज जो बारिश हुई है। उससे किसानों में तो खुशहाली है ही साथ में लोगों को गर्मी व उमस से भी छुटकारा मिला है। बारिश की वजह से पारा नीचे लूढक गया। मौसम सुहावना हो गया।

### किसी भी कार्य से परहेज नहीं करते पीटीआई पींकू



गांव घुसकानी के वीर शहीद कैप्टेन ओपी दलाल राजकीय उच्च विद्यालय में तैनात पीटीआई विनोद पींकू हर कार्य करने में आगे रहते है। कभी बच्चों को खेल करवाना तो कभी बच्चों को बेहतरीन लिखावट सिखाने, पौधारोपण कार्यक्रम में आगे रहते है। आज अल सुबह जबरदस्त बारिश हुई घुसकानी स्कूल परिसर में बारिश का पानी जमा हो गया। पानी बढने लगा और क्लासरूम की तरफ बहने लगा। साथ ही वहां पर नई दिवार निकाली गई। पानी उसकी तरफ बढने लगा। इस पर पीटीआई पींकू ने अपने साथ चतुर्थ श्रेणी कर्मचारी को साथ लेकर बारिश में ही पानी के बीच पहुंच गए। बारिश के दौरान ही पीटीआई ने कस्सी से पानी की निकासी का रास्ता बनाया। अगर पीटीआई पानी की निकासी का कोई जुगाड़ नहीं बनाता तो शायद निर्माणाधीन दीवार ढह सकती थी।

# बरेला में तेज अंधड़ से टीन शेड व दीवारें गिरी

■ पीड़ित किसान ने एसडीएम के माध्यम से जिला प्रशासन को ज्ञापन देकर उनके नुकसान की भरपाई की मांग की

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बाढड़ा

गांव बेरला में देर शाम तेज बरसात के साथ आई आंधी ने एक किसान के खेत पर बने टीन शेड् को उड़ा दिया वहीं दीवारें जमीन पर गिर गई। अचानक घटना घटना से उसके अंदर रहे रहे परिवार ने पशुओं सहित पेड़ों के नीचे जाकर जान बचाई वहीं वहां पर रखे अनाज, घरेलू सामान व एक बाइक ईंटों के मलबे के नीचे दबने से पूरी तरह बर्बाद हो गई।

बेरला निवासी पूर्व पंचायत समिति सदस्य राकेश कुमार खेत पर बने मकान में शेड लगाकर रह रहा था और सोमवार शाम को अचानक बिगड़े मौसम के बाद सभी स्वजन पशुओं सहित उसके शेष के नीचे चले गए लेकिन अचानक ही तेज हवा ने उनके सिर से आशियाना छिन लिया है। बरसात व तेज हवा के कारण शेड् पूरी तरह टूट कर बिखर गया और देखते ही देखते वहां की दिवारें भी भूमि पर गिर गई। इससे वहां पर रहे परिवारजनों ने पशुओं को खोलकर साथ खड़े पेड़ों के नीचे पुहंच कर अपनी जान बचाई वहीं प्राकृतिक आपदा के कारण शेड् के नीचे रखा अनाज, घरेलू सामान भी बुरी तरह खराब हो गया वहीं एक मोटरसाईकिल भी ईटों के मलबे के नीचे दबने से पूरी तरह टूट गई है। सैंकड़ों ग्रामीणों की मौजूदगी में गांव के सरपंच ज्योति, पीड़ित राकेश कुमार ने एसडीएम कार्यालय पहुंच कर एसडीएम मनोज दलाल को मांगपत्र देकर मदद की अपील की। उन्होंने बताया कि बरसात के कारण किसान को लाखों का नुकसान हुआ है।

### फोन पर आने वाले अनावश्यक लिंक पर क्लिक न करें: पुलिस

**लोहारू।** पुलिस प्रशासन द्वारा नियमित रूप से लोगों को साइबर फ्रॉड से बचाने के लिए जागरूकता अभियान चलाए जाते हैं लेकिन बावजूद इसके लगातार लोग इन साइबर फ्रॉड का शिकार बन रहे हैं। मंगलवार को लोहारू के व्हाटसअप ग्रुप स्टेट बैंक के नाम से अनेक लिंक भेज गए तथा कइयों ने उस लिंक को क्लिक कर दिया जिसके कारण कई घंटों तक उनका व्हाटसअप हैक रहा। शहर निवासी मुकेश शर्मा भी इसका शिकार बन गए। मुकेश शर्मा ने बताया कि उनकी हाल ही केवाईसी के लिए बैंक के कस्टमर सर्विस से बात हुई तथा उनके मोबाइल पर स्टेट बैंक के नाम से एक लिंक आया था और उन्होंने जैसे ही उस लिंक को क्लिक किया तो उनका व्हाटसअप हैक हो गया और काम करना बंद दिया। यहीं नही उनके नाम से व्हाट्सएप के कई ग्रुप से एपीके फाइल के लिंक भी शेयर हो रहे थे। इस दौरान पुलिस टीम के सदस्यों ने व्हाट्सएप ग्रुप में इस लिंक को क्लिक नही करने के आदेश प्रसारित किए। जिसके बाद लोगों को इसका माजरा समझ में आया। मुकेश शर्मा ने बताया कि करीब चार घंटे बाद उनका मोबाइल में उनका व्हाटसअप चालू हो पाया। उधर लोहारू थाना प्रभारी अशोक कुमार ने लोगों से मोबाइल पर आने वाले किसी भी अनजान लिंक को क्लिक नहीं करने की सलाह दी है।

### विद्यार्थियों ने गर्मी की छुट्टियों के अनुभव किए सांझा

# 30 दिनों के बाद स्कूलों में लौटी रौनक

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिवानी

पूरे जून माह की छुट्टियां खतम होने के बाद मंगलवार को शिक्षक व छात्र स्कूलों में पहुंचे। हालांकि बारिश की वजह से छुट्टियां खतम होने के पहले बच्चों की संख्या आधी ही रही,लेकिन स्कूलों में पूरे दिन रौनक रही। कभी बच्चे किसी कोने में खड़े होकर छुट्टियों को लेकर बातचीत करते नजर आए तो कई ऐसे बच्चे थे जो खाली पीरियड में उछल कूद कर रहे थे। अनेक बालक ऐसे भी नजर आए। जिन्होंने छुट्टियों में अपना होमवर्क पूरा नहीं किया,लेकिन आज अपने सहपाठियों की नोट बुक मांगकर होमवर्क पूरा करते दिखे।

दूसरी तरफ शिक्षकों ने बच्चों का होमवर्क चेक किया। जिन बच्चों ने होमवर्क पूरा किया था। वे खुश दिखे,लेकिन जिन बच्चों ने होमवर्क नहीं किया तो उनको शिक्षकों की डांट फटकार भी सहनी पड़ी। इस तरह के बच्चों को बुधवार तक होमवर्क पूरा करने के निर्देश दिए गए। पूरे दिन स्कूलों में अजीब सा नजारा बना रहा। जब भी बच्चों को समय मिलता तो वे छुट्टियों में घुमने या फिर अपने घर की बातें बताने में लगे रहे। पूरा दिन बच्चों का इसी तरह से गुजरा।



**सब कुछ लाग्या नया नया:** कई दिन छुट्टियों का मजा लेने के बाद मंगलवार को बच्चे स्कूलों में पहुंचे,लेकिन पहले दिन स्कूल में सब कुछ नया नया दिखाई दिया। किसी बच्चे का चेहरा खिला हुआ था तो जिस बच्चे ने होमवर्क पूरा नहीं किया तो उस बच्चे का चेहरा लटका हुआ था।

### छुट्टियों की कहानी,बच्चों की जुबानी

गर्मी की छुट्टियां पूरी होने के बाद जैसे ही बच्चे स्कूल में पहुंचे तो किसी बच्चे ने छुट्टियों में घुमने फिरने की पूरी कहानी सहपाठियों से बताई। वीर शहीद ओपी दलाल राजकीय उच्च विद्यालय घुसकानी स्कूल की छात्रा रिहाना ने बताया कि मामा के गांव गई। वहां पर होलीडे वर्क पूरा करने का शैडयूल बनाया। होमवर्क करने के बाद वे अपने मामा की बेटी व अपने भाई के साथ पार्क में घुमने के लिए चली जाती। पास में बालाजी मंदिर में मत्था टेक कर विश्व शांति की कामना करती। वहीं किरण व तनू ने घर ही ग्रीष्मावकाश बिताया। डिम्पल ने टीवी पर चल रहे ये रिश्ता क्या कहलाता सीरियल देखा। आरूषी मामा के घर गई और वहां पर सरकारी स्कूल में बने झूलों पर खूब झुली।



### लायंस क्लब ने मनाया डॉक्टर एवं चार्टर्ड अकाउंटेंट दिवस

**भिवानी।** लायंस क्लब भिवानी सिटी ने एक जुलाई को डॉक्टर दिवस एवं चार्टर्ड अकाउंटेंट दिवस पर सम्मान समारोह का आयोजन किया। कार्यक्रम की अध्यक्षता क्लब अध्यक्ष लॉयन प्रदीप जैन ने की तथा संचालन क्लब सचिव लॉयन सुरेश केड़िया ने किया। इस अवसर पर शहर के प्रतिष्ठित डॉक्टरों व सीए को स्मृति चिन्ह व प्रशस्ति पत्र भेंट कर सम्मानित किया। क्लब के अध्यक्ष लॉयन प्रदीप जैन ने कहा कि डॉक्टर जीवनरक्षक होते हैं, वहीं चार्टर्ड अकाउंटेंट देश की आर्थिक नींव को मजबूती प्रदान करते हैं। इस मौके पर क्लब के संरक्षक लॉयन ललित बुवानीवाला, संजय अग्रवाल मोनी, कमल बंसल, प्रमोद मिड्डूका, पंकज गोयल,दिनेश गोयल, अशोक तायल, अजय गर्ग, अमित बंसल, पूनम बजाज आदि मौजूद रहे। समापन पर सभी ने राष्ट्रगान गाकर देशसेवा के प्रति अपनी प्रतिबद्धता दोहराई।




### डॉक्टर डे पर भाविप ने अनेक चिकित्सकों का किया सम्मान

**भिवानी।** डॉक्टर दिवस पर मंगलावर को भारत विकास परिषद की शहीद मदनलाल ढ़ींगड़ा शाखा ने स्वास्थ्य सेवा के अग्रदूतों को सम्मानित कर अनुकरणीय पहल की। प्रांतीय उपाध्यक्ष अशोक शर्मा के नेतृत्व में आयोजित कार्यक्रम में सिविल सर्जन डॉ. रघुबीर शांडिल्य, डॉ. नीरज मित्तल एमडी, डॉ. नरेंद्र तंवर सहित अनेक चिकित्सकों को उनके अमूल्य योगदान और निःस्वार्थ सेवा के लिए सम्मानित किया। भाविप के पदाधिकारियों ने समारोह में चिकित्सकों को स्मृति चिह्न भेंट किए तथा वक्ताओं ने चिकित्सकों के समर्पण, त्याग और कोविड-19 महामारी के दौरान उनके अथक प्रयासों की सराहना की। इस अवसर पर संपर्क प्रकल्प प्रमुख हंसराज गुलाटी, सेवा प्रकल्प प्रमुख पूर्व जिला शिक्षा अधिकारी सुरेश कुमार शर्मा, कोषाध्यक्ष प्रिंस महता, सचिव तिलकराज अरोड़ा, पूर्व अध्यक्ष नरेश चांदना आदि मौजूद रहे।



# धनुष ने शेयर की खून से लथपथ हाथों की तस्वीर...

**मुंबई।** धनुष ने मंगलवार को इंस्टाग्राम पर अपनी आगामी फिल्म 'तेरे इश्क में' की एक खास तस्वीर शेयर की है। इस तस्वीर में दो हाथ खून से लथपथ नजर आ रहे हैं। इस तस्वीर के साथ धनुष ने फिल्म की शूटिंग को लेकर अहम जानकारी शेयर करते हुए कैप्शन में लिखा, और यह एक लपेट है। धनुष की इस पोस्ट के बाद यूजर्स लगातार कमेंट कर अपनी राय पेश कर रहे हैं।एक यूजर ने लिखा, 'थलाइवा का इंतजार है', एक और यूजर ने लिखा, 'पता नहीं क्यों, लेकिन इस तस्वीर ने मुझे भावुक कर दिया', एक और यूजर ने लिखा, 'इसका इंतजार कर रहा हूं', एक और यूजर ने लिखा, 'कब रिलीज होगी फिल्म'।

## लाइफ Style

# वाणी

## हर वरदान में छिपा है एक श्राप

एजेंसी ▶▶| मुंबई

हाल ही में अजय देवगन के साथ 'रेड 2' में नजर आईं अभिनेत्री वाणी कपूर अब अपना डिजिटल डेब्यू करने जा रही हैं। वो यशराज के नए शो में नजर आने वाली हैं, जो नेटफ्लिक्स पर रिलीज होना है। नेटफ्लिक्स इंडिया ने अपनी नई सीरीज का पोस्टर जारी कर दिया है, इसमें वाणी कपूर प्रमुख भूमिका में नजर आने वाली हैं।

पोस्टर के साथ ही इसकी रिलीज डेट भी सामने आ गई है। नेटफ्लिक्स की ओर से अपनी नई सीरीज 'मंडाला मर्डर्स' का पोस्टर जारी किया गया है। पोस्टर में वाणी कपूर के साथ सुरवीन चावला, गुल्लक फेम एक्टर वैभव राज गुप्ता और अभिनेत्री श्रिया पिलगांवकर नजर आ रही हैं। पोस्टर में वाणी बंदूक ताने दिख रही हैं, जबकि सुरवीन चाहला हाथ जोड़े महिला नेता के किरदार में नजर आ रही हैं। जबकि वैभव राज गुप्ता बियर्ड लुक में आंखों पर ब्लैक चश्मा लगाए दिख रहे हैं। पोस्टर में श्रिया पिलगांवकर काफी सजी-धजी खड़ी हैं। पोस्टर को शेयर करते हुए कैप्शन में लिखा गया, 'हर वरदान में एक श्राप छिपा है। मोल चुकाने का वक्त जल्द आने वाला है।' इसके साथ ही इस सीरीज की रिलीज डेट की भी घोषणा कर दी गई है। नेटफ्लिक्स की ये नई सीरीज 25 जुलाई को रिलीज हो रही है। इसे यशराज फिल्म ने प्रजेंट किया है। वाणी कपूर हाल ही में अजय देवगन के साथ 'रेड 2' में नजर आई थीं। वो फिल्म में अजय देवगन के किरदार अमय पटनायक की पत्नी की भूमिका में नजर आई थीं। इसके अलावा सुरवीन चावला हाल ही में रिलीज हुए नेटफ्लिक्स के ही शो 'राणा नायडू'के दूसरे सीजन में दिखी थीं।



## हॉलीवुड मसाला



# जुरासिक वर्ल्ड... 4 को होगी रिलीज

**लॉस एंजिल्स।** 'जुरासिक पार्क' फ्रैंचाइज की 7वीं और 'जुरासिक वर्ल्ड' सीरीज की चौथी फिल्म 'जुरासिक वर्ल्ड रीबर्थ' शुक्रवार, 4 जुलाई को रिलीज होने वाली है। स्कारलेट जोहानसन और जोनाथन बेली स्टारर इस फिल्म के फर्स्ट रिव्यूज आ गए हैं, और इनमें इसे खतरनाक और बेहतरीन बताया जा रहा है। फिल्म के एक्शन सीक्वेंस और वीएफएक्स की तारीफ हो रही है। प्रीमियर शोज देखने वालों का कहना है कि यह फिल्म स्टीवन स्पीलबर्ग के ग्रैंड अंदाज की याद दिलाता है।



# 'सुपरमैन' ने मुंबई में समंदर के बीच की लैंडिंग

**मुंबई।** सोमवार की रात बांद्रा-वर्ली सी लिंक पर सुपरमैन ने लैंडिंग की, जिसका नजारा देख हर कोई हैरान था। दूर से नीले रंगों से सजा ये सी लिंग सुपरमैन वाले अवतार से जगमगा रहा था। 11 जुलाई को वार्नर ब्रदर्स की फिल्म की रिलीज से पहले मुंबई में समंदर के बीच ये नजारा देख लोग काफी खुश दिखे हैं। अपनी फिल्मों के प्रमोशन के लिए मेकर्स क्या नहीं करते। वार्नर ब्रदर्स 11 जुलाई को सिनेमाघरों में रिलीज होने वाली जेम्स गन के डायरेक्शन में बनी 'सुपरमैन' ने सीधे मुंबई के बांद्रा-वर्ली सी लिंक पर लैंडिंग कर डाली है। अब ट्विटर पर लोग बांद्रा-वर्ली सी लिंक के वीडियो और तस्वीरें लगातार शेयर कर रहे हैं। इन झलकियों में निर्देशक जेम्स गन की आने वाली डीसी फिल्म 'सुपरमैन' की तस्वीरें नजर आ रही हैं। एक ने कहा- सुपरमैन ने मुंबई में बांद्रा-वर्ली सी लिंक पर कब्ज़ा कर लिया है।



# शेयर की 'दिल थाम के' का बीटीएस वीडियो

**मुंबई।** राजकुमार राव की मालिक फिल्म का गाना 'दिल थाम के' दर्शकों का बेहद पसंद आया। इस गाने में हुमा कुरैशी ने धांसू डांस किया है। वहीं, मंगलवार को हुमा कुरैशी ने सोशल मीडिया पर इसका एक बीटीएस वीडियो शेयर कर फैंस को खुश कर दिया है। बॉलीवुड एक्ट्रेस हुमा कुरैशी ने आज राजकुमार राव की फिल्म मालिक का गाना 'दिल थाम के' का एक शानदार बीटीएस वीडियो शेयर कर फैंस को खुश कर दिया है। हुमा ने इस बीटीएस वीडियो के साथ कैप्शन में लिखा, 'बहुत खुशी के साथ शूट किया गया... और आप लोग गाने को जो प्यार दे रहे हैं, वह इसे और बेहतर बना रहा है। हुमा की इस पोस्ट पर फैंस जमकर कमेंट कर अपनी राय शेयर कर रहे हैं। एक फैन ने लिखा, शानदार प्रदर्शन कभी भी आसान नहीं होता।



# नए लुक के कारण आए चर्चा में...

**मुंबई।** गोविंदा का डांसिंग स्टाइल आज भी बॉलीवुड में पॉपुलर है। हाल ही में वह अपने एक नए लुक के कारण चर्चा में आए हैं। गोविंदा का सोशल मीडिया पर एक वीडियो वायरल हो रहा है, जिसमें वह कार में बैठे हैं। एक व्यक्ति उन्हें कुछ समझा रहा है। इसी वीडियो को जब यूजर्स ने देखा तो उनका ध्यान गोविंदा के नए लुक पर गया। इस लुक को कुछ यूजर्स ने पसंद किया तो, कुछ को गोविंदा का लुक बिल्कुल भी नहीं भाया है। वायरल वीडियो में गोविंदा की मूंछों ने यूजर्स का ध्यान अपनी तरफ खींचा है। इस लुक को देखकर ही एक यूजर ने लिखा, ये तो शत्रुघ्न सिन्हा लग रहे हैं। एक अन्य यूजर को गोविंदा का मूंछों वाला लुक पसंद नहीं आया, वह लिखता है, ये पतली मूंछें गोविंदा पर अच्छी नहीं लग रही हैं। एक अन्य यूजर्स ने गोविंदा का लुक देखकर कमेंट किया।

## टीवी मसाला




# फोर मोर शॉट्स प्लीज के फाइनल सीजन का ऐलान

**नई दिल्ली।** अगर आप भी प्राइम वीडियो की पॉपुलर सीरीज 'फोर मोर शॉट्स प्लीज'के प्रशंसक हैं, तो अब आपके लिए एक अच्छी खबर है। क्योंकि, आपके इस पसंदीदा शो का नया सीजन आने वाला है, जो कि सीरीज का फाइनल सीजन भी होगा। प्राइम वीडियो ने सीरीज के चौथे सीजन की घोषणा कर दी है। साथ ही इसका एक नया पोस्टर भी जारी किया है। जिसके साथ कैप्शन में लिखा गया है कि फाइनल सीजन के लिए शॉट्स मंगा लीजिए। इस सीरीज में आज की महिलाओं की जिंदगी के उतार-चढ़ाव को दिखाया गया है। सीजन 4 में शो की लीडिंग लेडीज दामिनी, अंजना, सिद्धी और उमंग ये जानने वाली हैं कि उन्हें किसी और का नंबर वन बनने की जरूरत नहीं, बल्कि वो खुद अपनी लाइफ की हीरो हैं। क्योंकि, खुशी कोई लग्जरी नहीं, बल्कि जीने का एक तरीका है। इस बार कुछ नए चेहरे भी नजर आएंगे और शो की फेमस गर्ल्स ट्रिप्स तो हैं ही। फाइनल सीजन की कास्ट की बात करें तो इसमें सयानी गुप्ता, कीर्ति कुल्हारी, बानी जे और मानवी गगरू जैसे मुख्य किरदारों के साथ लीजा रे, प्रतीक बब्बर, राजीव सिद्धार्थ, अंकुर राठी और मिलिंद सोमन सरीखे स्टार्स भी नजर आएंगे। अरुणिमा शर्मा और नेहा पार्टी माटियानी द्वारा निर्देशित इस सीजन को देविका भगत ने लिखा है। इसके डायलॉग्स ईशिता मोइत्रा के हैं। हालांकि, अभी चौथे सीजन की रिलीज डेट जारी नहीं की गई है।

## नहीं छोड़ रही हैं तारक मेहता का उल्टा चश्मा


**नई दिल्ली।** 'तारक मेहता का उल्टा चश्मा' जहां एक तरफ दर्शकों के चहेते शो होने की वजह से चर्चा में हमेशा रहता है, वहीं लंबे समय से इस सीरियल के कलाकारों के बिखरने को लेकर चर्चा में है। दिशा वकानी, झील



मेहता, भाव्या गांधी, गुरुचरण सिंह सोढ़ी जैसे तमाम कलाकारों के 'तारक मेहता का उल्टा चश्मा' छोड़ने के बाद अगला नाम बबीता जी का आ रहा था। लोग कहने लगे थे कि अब बबीता जी के रोल में नजर आनेवालीं मुनमुन दत्ता ने भी इस शो को अलविदा कह दिया है। हालांकि, अब मुनमुन दत्ता ने इन खबरों पर खुद ही चुप्पी तोड़ते हुए वीडियो शेयर किया है। उन्होंने अब खुद ही इन खबरों पर सफाई दे दी है और कन्फर्म किया है वह 'तारक मेहता का उल्टा चश्मा' नहीं छोड़ रही हैं। उन्होंने वीडियो शेयर किया है, जिसमें वो इस शो के अगले एपिसोड की शूटिंग करती नजर आ रही हैं। इस वीडियो में अय्यर के घर की झलकियों के साथ ही मुनमुन के मेकअप रूम की भी झलक नजर आ रही हैं।

# रामायण की शूटिंग खत्म, इमोशनल राम ने लक्ष्मण को कसकर लगाया गले

*__मुंबई।__ बॉलीवुड की मोस्ट अवेटेड फिल्मों में से एक नितेश तिवारी की 'रामायण'की शूटिंग पूरी हो चुकी है। निर्देशक ने सोमवार रात इस फिल्म की शूटिंग खत्म होने पर एक पार्टी रखी जहां भगवान राम बने रणबीर कपूर और लक्ष्मण की भूमिका निभा रहे रवि दुबे के अलावा कई कलाकार और क्रू के साथ निर्देशक नितेश तिवारी खुद मौजूद थे। इस फिल्म से अपने अंतिम सीन की शूटिंग के बाद भगवान राम बने रणबीर कपूर अपने लक्ष्मण यानी रवि दूबे से कसकर गले लगते दिखे। इसी पार्टी के बाद रणबीर अपनी फैमिली के साथ हॉलीडे पर रवाना हो चुके हैं। वहीं, बताया जा रहा है 3 जुलाई को 11 बजे 'रामायण' की पहली झलक पूरी दुनिया के सामने ऑफिशियली दिखाई जाएगी। अब इस इवेंट के कुछ विजुअल*



*सोशल मीडिया पर नजर आए हैं। इन वीडियोज़ में जहां रणबीर 'रामायण' और भगवान राम को लेकर बातें करते दिख रहे हैं, वहीं 'लक्ष्मण' के साथ मिलकर केक काटते भी दिखे। इस मौके पर रणबीर के अलावा निर्देशक तिवारी ने भी कुछ इमोशनल बातें कहीं। इस फिल्म 'रामायण' के मेकर्स द्वारा इसकी झलक दिखाने की जोर-शोर से चर्चा है। हालांकि, सेट से कई तस्वीरें और वीडियो पहले सामने आ चुके हैं। लेकिन, फैन्स को अभी तक इस फिल्म से कोई ऑफिशियल पोस्ट या तस्वीरें नहीं मिली है और इसलिए इसे लेकर लोगों में काफी उत्साह है।*

# तलाक के चार साल बाद फिर प्यार में

**मुंबई।** साउथ एक्ट्रेस सामंथा रुथ प्रभु इन दिनों फिल्मों से ज्यादा अपनी पर्सनल लाइफ को लेकर चर्चाओं में बनी हुई हैं। पिछले काफी वक्त से एक्ट्रेस का नाम 'द फैमिली मैन'फेम डायरेक्टर राज निदिमोरु के साथ जोड़ा जा रहा है। दोनों एक-दूसरे के प्यार में हैं और अक्सर दोनों की एकसाथ तस्वीरें भी सामने आती रहती हैं। जिसके बाद दोनों के रिलेशनशिप को लेकर और भी पुष्टि होती है। हालांकि, राज की एक शादी हो चुकी है। फिलहाल अब उनके फैंस को इंतजार है कि सामंथा कब अपने रिश्ते को ऑफिशियल करती हैं। नागा चैतन्य से तलाक के बाद अब सामंथा पूरी तरह से अपनी जिंदगी में आगे बढ़ चुकी हैं। राज निदिमोरु के साथ उनके रिलेशनशिप की खबरें अब अक्सर ही बी-टाउन का हॉट टॉपिक बनती रहती हैं। बीते दिनों सामंथा की तस्वीर भी काफी चर्चा में रही थी जिसमें वो राज के काफी करीब दिख रही थीं। इस तस्वीर के सामने आने के बाद खबरें ये भी आई थीं कि सामंथा राज के साथ लिवइन में रहने वाली हैं। लेकिन बाद में सामंथा की टीम ने इन खबरों को खारिज किया था। लेकिन, अक्सर सामंथा और राज एकसाथ नजर आते हैं। जिससे दोनों के अफेयर के अफेयर की चर्चाएं अब लगभग पक्की हो चुकी हैं। अब मीडिया रिपोर्ट्स में ये दावा किया जा रहा है कि इस साल के अंत तक सामंथा



अपने रिश्ते को ऑफिशियल कर सकते हैं। दोनों जल्द ही अपने इस रिश्ते को एक नाम भी दे सकते हैं। राज निदिमोरु की बात करें तो वो 'द फैमिली मैन' और 'गुलाब एंड गन्स' वाले राज और डीके की जोड़ी वाले राज हैं। राज निदिमोरू एक शादी कर चुके हैं। उन्होंने 2015 में श्यामली डे से शादी की थी।

## कहानी से लेकर बदली तकनीक, लेकिन थिएटर के लिए करती हैं संघर्ष

# बाल फिल्मों के मामले में बच्चा ही रह गया बॉलीवुड

### पुराने हालात

दुनिया में सबसे ज्यादा फिल्में भारत में बनती हैं। भारतीय सिनेमा 111 साल का बुजुर्ग हो चुका है, लेकिन बाल फिल्म बनाने के मामले में अब भी बच्चा ही है। समय के साथ सिनेमा में तकनीक, कहानियां, विषय - सब कुछ बदलता चला गया, लेकिन बाल फिल्मों के हालात नहीं बदले। वे पहले भी कम बनाई जाती थीं और आज भी कम बनाई जाती हैं।

### फिल्म ने छोड़ी गहरी छाप

कमाल की बात यह है कि गिनती की होने के बावजूद इन फिल्मों का असर बहुत गहरा है। तारे जमीन पर, सीक्रेट सुपर स्टार, स्टेनली का डब्बा, धनक, निल बटे सन्नाटा, जजंतरम ममंत्रम, चिल्लर पार्टी, छोटा चेतन, मिस्टर इंडिया जैसी फिल्मों ने बच्चों के साथ बड़ों को भी लुभाया है। पहले के दशकों में बूट पॉलिश, काबुलीवाला, ब्रह्मचारी, दो कलियां, मासूम जैसी फिल्मों ने बच्चों के मासूम मनोविज्ञान पर छाप छोड़ी।

*__नई दिल्ली।__ हाल ही में बच्चों की एक फिल्म देखी, 'चिड़िया'। जीवन की विसंगतियों के बीच सच्ची, सरल और दिल को छूने वाली बालसुलभ कहानी एक लंबे अरसे के बाद देखने को मिली। दुनियाभर के कई प्रतिष्ठित फिल्म फेस्टिवल्स में सराही गई 'चिड़िया'ने भारत में भी समीक्षकों और दर्शकों के दिलों में जगह बनाई। मगर हमारे यहां बच्चों की फिल्में इतनी कम क्यों बनती हैं?*



### फिल्म में किया गया यादगार काम

बालीवुड में बच्चों की मौजूदगी अक्सर सबप्लॉट या गानों के बहाने होती है। पूरी फिल्म को बच्चों के नजरिए से कहना अब भी फिल्मकारों के लिए टेढ़ी खीर है। हिंदी फिल्म जगत में कुछ नाम जरूर रहे, जिन्होंने बाल मन को खंगाला। इनमें गुलजार ने परिचय और किताब जैसी फिल्मों में बच्चों की भावनाओं को सहजता से दर्शाया। विशाल भारद्वाज ने ब्लू अम्ब्रेला और मकड़ी में बच्चों की कल्पना और डर की दुनिया को छूने का साहस दिखाया। आमिर खान 'तारे जमीन पर'से डिस्लेक्सिया जैसे संवेदनशील विषय को केंद्र में लेकर आए। बंगाली सिनेमा की बात करें, तो सत्यजीत रे ने बाल फिल्मों की जो विरासत दी, वह आज भी मिसाल है।

**फिल्म में उदासीनता की वजह :** सवाल है कि दुनिया का सबसे बड़ा फिल्म उद्योग कहलाने वाला भारत बाल फिल्मों को लेकर इतना उदासीन क्यों है? वजह साफ है, हमारे देश में फिल्मकार बच्चों को सीरियस ऑडियंस नहीं मानते। उधर, अभिभावकों को लगता है कि बच्चों को अगर कुछ दिखाना है, तो घर पर ही टीवी पर दिखाया जा सकता है।

### हॉलीवुड से सीखें

*देश में बच्चों की फिल्मों का मार्केट है, तभी हैरी पॉटर या होम अलोन जैसी हॉलीवुड फिल्में यहां आकर रेकॉर्ड तोड़ कमाई करती हैं। हम बजट में उनका मुकाबला नहीं कर सकते, लेकिन 'स्टेनली का डिब्बा' सरीखी मासूम कहानी जरूर बना सकते हैं।*

### सितारों का साथ

*ध्यान देने वाली बात यह भी है कि जब बच्चों की फिल्मों को बड़े सितारों का साथ मिला, तो दर्शकों ने खुलकर सराहा। भूतनाथ में अमिताभ बच्चन और शाहरुख खान, तारे जमीन पर में आमिर खान, मकड़ी में शबाना आजमी, मिस्टर इंडिया में अनिल कपूर-श्रीदेवी - इन सभी उदाहरणों ने यह साबित किया है कि स्टार पावर से बच्चों की फिल्में भी मुख्यधारा में जगह बना सकती हैं।*

## खबर संक्षेप

### जयभगवान बने कांग्रेस सेवादल के जिलाध्यक्ष

**बाढ़ड़ा।** कांग्रेस सेवादल चरखी दादरी के जिला अध्यक्ष बनाए जाने पर जयभगवान शर्मा ने शीर्ष नेतृत्व लोकसभा सांसद दीपेंद्र सिंह हुड्डा, डॉक्टर पूनम चौहान, मनीषा सांगवान,अनिरुद्ध चौधरी का आभार व्यक्त किया है। उन्होंने कहा मैं कांग्रेसी पार्टी का सच्चा सिपाई रहा हूं और पार्टी जो भी जिम्मेदीरी लगाएगी उसको पूरी निष्ठा से निभाने का काम करूंगा।

### चिरंजीलाल पंघाल के निधन पर जताया शोक

**तोशाम।** पंघाल खाप के प्रधान चिरंजीलाल पंघाल का 87 वर्ष की उम्र में गत 22 जून को आकस्मिक निधन हो गया था। उनके निधन पर अनेक राजनीतिक, सामाजिक एवं गणमान्य लोगों ने शोक प्रकट किया है। चिरंजीलाल पंघाल पिछले करीबन 15 वर्षो से पंघाल खाप के प्रधान पद पर आसीन थे और वह मिलनसार व सामाजिक व्यक्ति के रूप मे जाने जाते थे। उनके निधन पर सासंद धर्मबीर सिंह, लोहारू विधायक राजबीर फरटीया, भाजपा नेता अनिल शर्मा, भाजपा नेता एडवोकेट हरिसिंह सागवान, इनेलो नेता सुनील लाम्बा, किसान नेता करण जैनावास, भाजपा नेता दिलबाग निमडी, सुरेश बागनवाला, आम आदमी पार्टी नेता पवन हिन्दुस्तानी, संजीत खयालिया झांवरी आदि ने शोक जताया।

### पौधा रोपित कर पर्यावरण संरक्षण का दिया संदेश

**भिवानी।** नेताजी सुभाषचंद्र बोस युवा जागृत सेवा समिति ने एक बेटी एक पेड़ मिशन व एक पेड़ मां के नाम पर पांच दिवसीय बेटी उत्सव कार्यक्रम आयोजित किया। कार्यक्रम के तहत मिशन की ब्रांड एंबेसडर नव्या ने अपने जन्मदिन पर बाबा जहरगिरी आश्रम में बेल पत्र का पौधा लगाया। इस अवसर पर श्रीमहंत डॉ. अशोक गिरी महाराज का विशेष सानिध्य रहा। श्रीमहंत डॉ. अशोक गिरी ने कहा कि कार्यक्रम का उद्देश्य न केवल बेटी सुरक्षा एवं नारी सशक्तिकरण के प्रति समाज को जागरूक करना है, बल्कि पर्यावरण संरक्षण एवं पानी के महत्व को भी समझाना है।

### बेटी के पहले जन्मदिन पर पिता ने किया रक्तदान

**चरखी दादरी।** अधिकतर लोग अपने बच्चों का जन्मदिन धूमधाम से मनाते हैं, वहीं महेंद्रगढ़ के सतनाली निवासी नीरज ने अपनी बेटी वंशिका के पहले जन्मदिन को विशेष और प्रेरणादायक बनाने का काम किया। उन्होंने बेटी के जन्मदिन पर अपने दो साथियों सहित दादरी के श्रीकृष्णा ब्लड सेंटर में रक्तदान कर समाज के प्रति अपनी जिम्मेदारी का सुंदर उदाहरण प्रस्तुत किया। नीरज ने 9वीं बार रक्तदान किया।

### गोरक्षा दल गांव जताई की टीम का गठन

**बवानीखेड़ा।** जताई में गौरक्षा दल हरियाणा की बैठक का आयोजन किया गया। बैठक की अध्यक्षता ग्रामीण मंडल के प्रधान प्रमोद कुमार चांग ने की। गौरक्षा दल हरियाणा भिवानी जिला अध्यक्ष संजय परमार के निर्देशानुसार ग्रामीण मंडल प्रधान प्रमोद कुमार चांग ने 13 सदस्यों की टीम तैयार की। डॉ प्रवींद्र नागर को ग्रामीण मंडल के उप प्रधान, सुमित नागर जताई को मीडिया प्रभारी, सुमित को अध्यक्ष की जिम्मेदारी सौंपी है।

---

### बीमा क्लेम 2023 खरीफ जारी करने की मांग

# किसानों ने विधायक के भाई को सौंपा मांगों का ज्ञापन

23 जून की लोहारू किसान महापंचायत से निकले महत्वपूर्ण 14मुद्दो को अमलीजामा पहनाने की मांग रखी

हरिभूमि न्यूज ⏭बवानीखेड़ा


**बवानीखेड़ा।** विधायक कपूर वाल्मीकि के भाई राकेश वाल्मीकि को ज्ञापन सौंपते हुए किसान। *फोटो : हरिभूमि*

संयुक्त किसान मोर्चा और किसान सभा बवानी खेडा के पदाधिकारियों ने वर्तमान में किसानों की समस्याओं को लेकर विधायक कपूर वाल्मीकि के लाडले छोटे भाई राकेश वाल्मीकि को ज्ञापन सौंपा।

ज्ञापन देने वालों में अखिल भारतीय किसान सभा से तहसील प्रधान रामोतार भाकर, महासचिव वेद प्रकाश खेडी, केशियर राजेश कुगंड, बलियाली इकाई प्रधान अनुप शर्मा, चरणदास भाटिया, फूलसिंह देशवाल, ईश्वर दहिया, सुधीर सांगवान, सुरेश जाखड, बलजीत शर्मा, जगदीश श्योराण, विजय असीजा, बबानी खेडा इकाई से हरफूल ओड, मा. हनुमान रोहिल्ला, कुगंड इकाई से अशोक गोयत, रमेश, सतवीर खेडी इकाई से वजीर, सुबेसिंह, बडसी इकाई से इन्द्र ओला, भारतीय किसान यूनियन से रोशन शेषमा आदि ने बताया कि 23 जून की लोहारू किसान महापंचायत से निकले महत्वपूर्ण 14मुद्दो को अमलीजामा पहनाने और विधान सभा में प्रस्ताव पारित करवाकर केन्द्र सरकार को भेजने के लिए प्रदेश भर में सयुक्त किसान मोर्चा के बैनर तले सभी विधान सभा क्षेत्रों में ज्ञापन सौंपा।

#### नई कृषि विपणन नीति 2025 को रद्द किया जाए

*ज्ञापन में बताया कि 2023 खरीफ फसल का बीमा क्लेम का बकाया 305 करोड रुपए हर्षक तकनीक द्वारा कम कर दिया उसको जारी किया जाये और सर्व हरियाणा ग्रामीण बैंकों की 47 ब्राचों द्वारा बीमा पॉलिसी इशु जारी करवाकर बीमा क्लेम 2023 खरीफ का दिलवाया जाए। 2022-23 रबी फसल सर्दी और बेमौसम बारीश से खराब का राजस्व विभाग द्वारा भिवानी जिला का 289 करोड़ रुपए की कटौती को बहाल किया जाए। नहरी पानी की उपलब्धता, ट्यूबवेल और घरेलू बिजली की क्रमशः सब्सिडी मिलती रहे और बढ हुए बिजली दर को कम किया जाये, हाई टावर लाइनों में अधिकृत भूमि का उचित मुआवजा दिया जाए, नकली बीज खाद पर रोक लगाई जाए और समय पर सहकारियों समितियों पर खाद उपलब्ध हो और नई कृषि विपणन नीति 2025 को रद्द किया जाए इत्यादि मांग रही। यदि ऐसा नहीं किया जाता तो वे सख्त निर्णय लेने को मजबूर होंगे। दूसरी तरफ इस बारे विधायक कपूर वाल्मीकि के भाई राकेश वाल्मीकि ने बताया कि किसानों के ज्ञापन को विधायक के समक्ष प्रस्तुत करके उनकी मांगों को पूरा करवाने का कार्य किया जाएगा।*

---

# नशे की गिरफ्त में युवा पीढ़ी

- नशामुक्त समाज की स्थापना को लेकर एसडीएम ने की सामाजिक संगठनों संग बैठक

हरिभूमि न्यूज ⏭भिवानी


**भिवानी।** सामाजिक संगठनों के सदस्यों को संबोधित करते एसडीएम मनोज दलाल।

नशामुक्त समाज की परिकल्पना को साकार करने के उद्देश्य से बाढ़ड़ा के एसडीएम कार्यालय में विभिन्न सामाजिक संगठनों के प्रतिनिधियों की बैठक हुई। बैठक की अध्यक्षता एसडीएम मनोज कुमार ने की।

इस दौरान नशे के बढ़ते प्रभाव और समाज पर पड़ने वाले गंभीर परिणामों पर गहन चर्चा की और एसडीएम ने सभी प्रतिनिधियों से नशे के खिलाफ व्यापक अभियान चलाने का आह्वान किया। एसडीएम मनोज कहा कि नशा आज हमारे समाज के लिए एक बड़ी चुनौती बन गया है, खासकर युवा पीढ़ी इसकी गिरफ्त में तेजी से आ रही है। उन्होंने जोर दिया कि सरकार अकेले इस समस्या से नहीं लड़ सकती, इसमें समाज के हरवर्ग, विशेषकर सामाजिक संगठनों की सक्रिय भागीदारी आवश्यक है। बैठक के दौरान धर्मसेना, पंतजलि, ब्रह्माकुमारी, किसान संगठनों के प्रतिनिधियों ने अपने अनुभव सांझा किए और नशे की रोकथाम के लिए कई महत्वपूर्ण सुझाव दिए। इस अवसर पर सरपंच एसोसिएशन बाढ़ड़ा के प्रधान शमशेर पंचगांव, डॉ. अजय मांझू आदि मौजूद रहे।

# युवा भाजपा नेता ने सुनीं समस्याएं

- गौ संरक्षण एवं संवर्धन के लिए निरंतर कार्य कर रही भाजपा सरकार : मोहित

हरिभूमि न्यूज ⏭भिवानी/चरखी दादरी


**भिवानी।** कार्यक्रम में लोगों से चर्चा करते युवा भाजपा नेता मोहित चौधरी।

भिवानी-महेंद्रगढ़ लोकसभा क्षेत्र से सांसद धर्मबीर सिंह के पुत्र एवं युवा भाजपा नेता मोहित चौधरी ने मंगलवार को जनसंपर्क अभियान के तहत गांव मालपोस, रनकोली, बौंद खुर्द, फौगाट, सांजरवास, रानिला, रानिला बास, मिसरी, मिर्च, रावलधी आदि गांवों का दौरा किया।

उन्होंने केंद्र और राज्य सरकार की विभिन्न उपलब्धियों पर प्रकाश डाला और ग्रामीणों से सीधा संवाद स्थापित किया। मोहित चौधरी ने ग्रामीणों की समस्याएं सुनीं तथा बीते दिनों की तरह इन समस्याओं को संबंधित विभाग के मंत्रियों व मुख्यमंत्री के संज्ञान में लाने का वादा किया, ताकि ग्रामीणों की सभी समस्याओं का जल्द समाधान हो सकें। चौधरी ने कहा कि भाजपा सरकार सबका साथ, सबका विकास और सबका विश्वास के मंत्र पर कार्य कर रही है। उन्होंने ग्रामीण विकास, कृषि सुधार, स्वास्थ्य सेवाओं में वृद्धि और युवाओं के लिए रोजगार के अवसरों के सृजन में सरकार द्वारा किए कार्यों का विस्तृत ब्यौरा दिया। इस अवसर पर चेयरमैन सुधीर चंदवास, चेयरमैन रामकिशन हालुवासिया, वाइस चेयरमैन टोनी छपार भाजपा के श्रेष्ठ व वरिष्ठ कार्यकर्ता मौजूद रहे।

---

# तीर्थयात्री हरिद्वार के लिए रवाना

- आध्यात्मिक रूप से सशक्त बनाती धार्मिक यात्राएं : संभ्रवाल

हरिभूमि न्यूज ⏭भिवानी


**भिवानी।** तीर्थयात्रियों को रवाना करते पालेराम चैरिटेबल ट्रस्ट के संस्थापक सुरेंद्र संभ्रवाल। *फोटो : हरिभूमि*

धार्मिक आस्था और समाजसेवा का अद्भुत संगम भिवानी में देखने को मिला, जब पालेराम चैरिटेबल ट्रस्ट के संस्थापक सुरेंद्र संभ्रवाल ने 14 तीर्थयात्रियों के एक जत्थे को हरिद्वार के लिए तीन दिवसीय धार्मिक यात्रा पर रवाना किया।

संभ्रवाल ने शहीद भगतसिंह चौक से इन यात्रियों को न केवल हरी झंडी दिखाकर विदा किया, बल्कि उनकी यात्रा को सुगम बनाने के लिए दवाइयों की किट और अन्य जरूरी सामान भी भेंट किए। तीर्थ यात्रियों में विरेंद्र सिंह मिंटू, सुमन, सुनीता, जुली, सुरेश देवी, रीतू रानी, बाला देवी, कमलेश, रीमन, संतोष, मीना, गोलू, रेशमा, रिया शामिल रहे। संभ्रवाल ने कहा कि धार्मिक यात्राएं हमारे मन को शांति प्रदान करती हैं और हमें आध्यात्मिक रूप से सशक्त बनाती हैं। इन 14 तीर्थयात्रियों की सेवा करके उन्हें आत्मिक संतोष मिला है। तीर्थयात्रियों में भी इस पहल को लेकर खासा उत्साह देखने को मिला। यात्रियों ने कहा कि संभ्रवाल ने यह अवसर देकर बहुत बड़ा पुण्य का काम किया है। यह पहल पालेराम चैरिटेबल ट्रस्ट के मानवीय सरोकारों और समाज के प्रति उनकी प्रतिबद्धता को दर्शाती है। इस अवसर पर अशोक, शंकर, श्रीनिवास भी मौजूद रहे।

# कर्मचारियों ने सफाई व्यवस्था की दुरुस्त

- सफाई कर्मचारियों ने गंदे नालों के अंदर घुसकर गंदगी को निकाला बाहर, पानी की निकासी हुई शुरू

हरिभूमि न्यूज ⏭बवानीखेड़ा


**बवानीखेड़ा।** नाले की सफाई करते कर्मचारी। *फोटो : हरिभूमि*

बवानी खेड़ा में बारिश के कारण जगह-जगह जमा पानी और निकासी न होने को लेकर नगर पालिका सफाई कर्मचारियों द्वारा नपा प्रधान सुंदर अत्री, नपा सचिव संदीप गर्ग के आदेशानुसार सफाई अभियान चलाया। कर्मचारियों ने नालों की तह तक जाकर इनकी गंदगी को बाहर निकाला जिससे पानी की निकासी शुरू हुई। उल्लेखनीय है कि पिछले एक सप्ताह से मूसलाधार बारिश के कारण नाली नाले बंद हो गए और पानी की निकासी पर विराम लग गया। लोगों में मुकेश कुमार, श्यामसुंदर, हरिराम, रमेश कुमार, रिंकू, मोनू, अशोक कुमार आदि ने बताया कि बवानी खेड़ा शहर का अधिकतर बरसाती व गंदा पानी हांसी-भिवानी मुख्य मार्ग पर आता है और वीके फोटो स्टेट के पीछे स्थित टैक्सी स्टैंड में जमा हो जाता है। ये खाली स्थान तालाब का रूप धारण कर लेता है। पिछले चार दिनों से इस स्थान का पानी टस से मस नहीं हुआ क्योंकि आगे नाले बंद होने के कारण पानी की निकासी नहीं हो सकी। जिससे इसमें मच्छर-मक्खी तनपने का भय सताने लगा। कर्मचारियों द्वारा मोर्चा संभाला और पंप लगाकर इसकी निकासी शुरू की व नालों में घुसकर सफाई की। शहरवासियों ने बताया कि यदि प्रशासन पहले सुध ले ले तो ऐन वक्त पर ऐसी नौबत न आए। वहीं लोगों ने सफाई व्यवस्था दुरूस्त होने के कारण विधायक कपूर वाल्मीकि, नपा प्रधान सुंदर अत्री, नपा सचिव संदीप गर्ग, सफाई कर्मचारियों का आभार व्यक्त किया।

#### बनाई रणनीति

दूसरी तरफ इस बारे में नपा प्रधान सुंदर अत्री, नपा सचिव संदीप गर्ग ने बताया कि पंप लगाकर सफाई व्यवस्था को दुरूस्त किया भविष्य में ऐसी समस्या न हो इसके लिए पूरी रणनीति बनाई जा रही है ताकि शहरवासियों को दिक्कतों का सामना ना करना पड़े।

---

# कचरे के सही प्रयोग की जानकारी दी

- पर्यावरण-अनुकूल आदतों को अपने जीवन में अपनाए प्रत्येक नागरिक : प्रोजेक्ट ऑफिसर

हरिभूमि न्यूज ⏭भिवानी


**भिवानी।** पर्यावरण और ऊर्जा संरक्षण पर आयोजित कार्यक्रम में लोगों को जानकारी देते हुए। *फोटो : हरिभूमि*

सेक्टर-13 स्थित सीनियर सिटीजन क्लब में मंगलवार को पर्यावरण और ऊर्जा संरक्षण पर एक विशेष कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का आयोजन सीनियर सिटीजन क्लब के सदस्य ओपी पोपली व डा. फूल सिंह धनाना के सहयोग से किया गया। जिसमें पर्यावरण व ऊर्जा कार्यक्रम का प्रोजेक्ट ऑफिसर मनोज जैन ने उपस्थित सभी पर्यावरण के प्रति जागरूक करते हुए ऊर्जा संरक्षण के उपायों और किचन वेस्ट (रसोई के कचरे) के सही प्रयोग के बारे में महत्वपूर्ण जानकारी दी। इस मौके पर सीनियर सिटीजन क्लब के सदस्य ओपी पोपली व डा. फूल सिंह धनाना ने बताया कि कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य वरिष्ठ नागरिकों को उनके दैनिक जीवन में पर्यावरण-अनुकूल आदतों को अपनाने के लिए प्रोत्साहित करना था।

उन्होंने कहा कि इस तरह के जागरूकता कार्यक्रम को समाज के लिए बेहद महत्वपूर्ण बताया तथा कहा कि इस प्रकार के कार्यक्रम लोगों को पर्यावरण और ऊर्जा संरक्षण के प्रति अपनी जिम्मेदारी समझने और उसे निभाने के लिए प्रेरित करते है। इस मौके पर पर्यावरण व ऊर्जा कार्यक्रम का प्रोजेक्ट ऑफिसर मनोज जैन ने बताया कि कैसे हम अपनी ऊर्जा की खपत को कम करके प्राकृतिक संसाधनों का संरक्षण कर सकते हैं।

#### ऊर्जा-बचत तकनीकों पर प्रकाश डाला

उन्होंने एलईडी बल्ब के उपयोग, सौर ऊर्जा को बढ़ावा देने और बिजली के उपकरणों का बुद्धिमानी से इस्तेमाल करने जैसी विभिन्न ऊर्जा-बचत तकनीकों पर प्रकाश डाला। इसके अतिरिक्त, कार्यक्रम में किचन वेस्ट के सदुपयोग पर विशेष जोर दिया गया। प्रोजेक्ट ऑफिसर ने समझाया कि कैसे घर के रसोई के कचरे, जैसे सब्जियों और फलों के छिलके, चाय पत्ती आदि का उपयोग करके जैविक खाद बनाई जा सकती है। उन्होंने बताया कि यह खाद न केवल पौधों के लिए फायदेमंद है, बल्कि इससे रासायनिक खादों पर निर्भरता भी कम होती है और पर्यावरण प्रदूषण पर भी अंकुश लगता है। जागरूकता कार्यक्रम के दौरान सलोनी, वर्षा, पूजा, साक्षी ने भी महत्वपूर्ण जानकारियां दी।

# हाथ धोने की प्रक्रिया सीखाई

- सफाई अपनाओ बीमारी भगाओ स्लोगन के माध्यम से किया प्रेरित

हरिभूमि न्यूज ⏭बवानीखेड़ा


**बवानीखेड़ा।** बी. के. वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय में स्वच्छता अभियान 'सफाई अपनाओ, बीमारी भगाओ' विषय के अंतर्गत स्वच्छता अभियान के प्रति प्रेरित करते हुए। *फोटो : हरिभूमि*

बवानी खेडा के बी. के. वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय में हरियाणा सरकार द्वारा चलाए गए (1 जुलाई से 31 जुलाई तक) स्वच्छता अभियान 'सफाई अपनाओ, बीमारी भगाओ' विषय के अंतर्गत स्वच्छता अभियान का आयोजन किया गया।

इस अवसर पर बवानी खेडा से नगर पालिका सफाई दरोगा प्रदीप कुमार उपस्थित रहे। उन्होंने 'सफाई अपनाओ, बीमारी भगाओ' के तहत विद्यार्थियों को हाथ धोने की प्रक्रिया व उसके लाभ हानि के बारे में बताया। उन्होंने बताया कि किसी भी अच्छे कार्य का शुभारंभ सबसे पहले स्वयं को करना चाहिए। हम स्वस्थ होंगे तो देश भी स्वस्थ रहेगा। देश भी हम सबसे ही मिलकर बनता है। इस अवसर पर विद्यालय प्रबंधक समिति के सचिव योगेश शर्मा, वरिष्ठ संचालक योगेंद्र सिंह, कनिष्ठ संचालिका मंजु मलिक, स्वच्छता अभियान संचालक मनीष शंकर, स्वच्छता अभियान सह-संचालक अमित कुमार सहित विद्यालय के समस्त विद्यार्थी एवं स्टाफ उपस्थित रहा।

---

# पौत्र के जन्मदिन पर लगाए पौधे

- अमित वशिष्ठ फाउंडेशन के अध्यक्ष जितेंद्र शर्मा ने पौधे लगाकर देखभाल की भी जिम्मेदारी ली

हरिभूमि न्यूज ⏭भिवानी


**भिवानी।** जन्मदिन पर पौधारोपित करते हुए। *फोटो : हरिभूमि*

रिवाड़ीखेड़ा स्थित अमित वशिष्ठ खेल स्टेडियम में मंगलवार को 51 पौधों का रोपण कर अमित वशिष्ठ फाउंडेशन के अध्यक्ष जितेंद्र शर्मा ने अपने पौत्र का पहला जन्मदिन मनाया। इसके साथ ही जितेंद्र शर्मा ने रोपित किए गए पौधों की देखभाल की जिम्मेवारी भी ली। इस मौके पर जितेंद्र शर्मा ने कहा कि आज उनके पौत्र लक्षित वशिष्ठ का पहला जन्मदिन है तथा उन्होंने अपने पौत्र का जन्मदिन पर्यावरण संरक्षण के रूप में मनाते हुए अन्य लोगों से भी इस दिशा में कार्य करने का आह्वान किया है। उन्होंने कहा कि आजकल लोग दिखावे के जाल में फंसकर अपने जन्मदिन या अन्य अवसर पर हजारों रूपया बर्बाद कर देते है, जबकि प्रत्येक जन को चाहिए कि वह अपने जन्मदिन या अन्य अवसरों पर पर्यावरण संरक्षण की दिशा में कार्य करें, ताकि आने वाली पीढियों को पर्यावरण प्रदूषण के जहर से निजात दिलाई जा सकें।

### उत्तरकाशी में लगेगा द्वितीय श्री शिव शंभू कावड़ सेवा शिविर

# शिव भक्तों की सेवा के लिए भिवानी से जत्था रवाना

- कावड़ लाने वाले शिवभक्तों के लिए बड़ी राहत साबित होते है ऐसे शिविर : संजय धमीजा

हरिभूमि न्यूज ⏭भिवानी



शिव भक्तों की सेवा के उद्देश्य से भिवानी से श्रद्धालुओं का एक जत्था उत्तरकाशी के लिए कृष्णा कॉलोनी से रवाना हुआ। यह जत्था ललित महता के नेतृत्व में रवाना हुआ, जो अपने साथ सेवा सामग्री से लदा एक ट्रक लेकर गया।

12 जुलाई तक उत्तरकाशी के गंगोत्री मार्ग पर द्वितीय श्री शिव शंभू कावड़ सेवा शिविर स्थापित किया जाएगा, जहां कांवड़ियों को हर संभव सहायता और सुविधाएं प्रदान की जाएंगी। श्रद्धालु संजय धमीमा व राजकुमार जावा ने बताया कि कावड़ियों की सेवा की यह पहल शिव भक्तों द्वारा की जा रही है, जो सावन के पवित्र महीने में सुदूर स्थानों से गंगाजल लेने आने वाले कावड़ियों की सेवा को अपना धर्म मानते हैं। उन्होंने कहाकि हर साल लाखों श्रद्धालु गंगोत्री, गोमुख और अन्य पवित्र स्थानों से जल लेकर अपनी मनोकामना पूर्ति के लिए शिवालयों की ओर प्रस्थान करते हैं। यह यात्रा दुर्गम और थका देने वाली होती है, ऐसे में मार्ग में पडऩे वाले सेवा शिविर उनके लिए एक बड़ी राहत साबित होते हैं।

श्री शिव शंभू कावड़ सेवा शिविर का मुख्य उद्देश्य कावड़ियों को उनकी यात्रा के दौरान आवश्यक सहायता प्रदान करना है।

#### गंगाजल अर्पित करने से दूर होते हैं कष्ट

इस शिविर में उन्हें जलपान, प्राथमिक चिकित्सा, विश्राम की सुविधाएं और यदि आवश्यक हो तो चिकित्सीय सहायता भी उपलब्ध कराई जाएगी। उन्होंने कहा कि सावन मास में कावड़ यात्रा का अत्यधिक धार्मिक महत्व है। माना जाता है कि इस दौरान भगवान शिव की आराधना और उन्हें गंगाजल अर्पित करने से सभी कष्ट दूर होते हैं और मनोकामनाएं पूर्ण होती हैं। यह यात्रा शारीरिक रूप से चुनौतीपूर्ण होती है, जिसमें श्रद्धालु कई किलोमीटर पैदल चलते हैं। ऐसे में सेवा शिविर कावड़ियों के लिए ना केवल शारीरिक आराम प्रदान करते हैं, बल्कि उनकी धार्मिक यात्रा को सुगम और सुखद बनाने में भी महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। कावड़ियों की सेवा के लिए ललित महता, विजय डुडेजा, पंकज पोपली, नितिन गाबा, विक्की मल्होत्रा, अमित पिलानी, नितिन गुरेजा, सौरभ बावेजा, नमन महता, मिश्रा आदि श्रद्धालु रवाना हुए।

## खबर संक्षेप

### राणा बने हरियाणा कुराश एसोसिएशन के उपप्रधान

**चरखी दादरी।** गांव चिड़िया निवासी अनिल कुमार राणा को हरियाणा कुराश एसोसिएशन का उपप्रधान नियुक्त किया है। उनकी नियुक्ति कुराश खेल के विकास एवं खिलाड़ियों के उत्थान में नई ऊर्जा लाने की उम्मीद है। राणा खेलों में गहरी रुचि रखते हैं, लंबे समय से विभिन्न खेल संघों से जुड़े रहे हैं। उनकी नई भूमिका से कुराश खेल को हरियाणा में और अधिक लोकप्रियता मिलने और राज्य स्तर पर खिलाड़ियों को बेहतर मंच प्रदान करने में मदद मिलेगी। राणा ने कहा कि कुराश प्राचीन मार्शल आर्ट है, जिसकी जड़ें मध्य एशिया में है और ये हाल के वर्षों में भारत में तेजी से लोकप्रिय हुआ है। राणा की उपलब्धि पर दिलावर रोहतक, दीपक धागड़ नौसवा, बलबीर बल्लू सरपच चिड़िया, आशीष राणा, रतिराम पहलवान चिड़िया, सुरेंद्र, रामअवतार मिर्च, सुन्दरपाल रावलधी, जयवीर फोगाट, पवन फौगाट मकड़ाना इत्यादि ने खुशी व्यक्त की।

### चाइनीज मांझा पर प्रतिबंध उल्लंघन किया तो कार्रवाई

**चरखी दादरी।** जिले में चाइनीज मांझा एवं नायलॉन, सिंथेटिक मांझे के भंडारण, बिक्री, खरीद और उपयोग पर पूर्ण प्रतिबंध है। पतंगबाजी में उपयोग किए जाने वाले चाइनीज मांझा या किसी भी प्रकार के सिंथेटिक से बनी नायलॉन मांझे से जनहानि, दुर्घटनाएं व सार्वजनिक शांति में बाधा की आशंका बनी रहती है। डीसी मुनीश शर्मा ने कहा कि आदेशों का उल्लंघन करने वालों के विरुद्ध भारतीय न्याय संहिता 2023 की धारा 223 के तहत कानूनी कार्रवाई की जाएगी।

### न्यायिक परिसर में राष्ट्रीय लोक अदालत 12 को

**चरखी दादरी।** जिला न्यायिक परिसर में 12 जुलाई को राष्ट्रीय लोक अदालत का आयोजन किया जाएगा। जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के सचिव ने बताया कि राष्ट्रीय लोक अदालत का उद्देश्य अधिक से अधिक लंबित मामलों का आपसी सहमति से त्वरित व स्थायी समाधान करना है, जिसमें विशेष रूप से ट्रैफिक चालान, बैंक रिकवरी, मोटर वाहन दुर्घटना दावे, पारिवारिक विवाद, दीवानी मामले, जमानती फौजदारी केस, श्रम विवाद, भूमि अधिग्रहण, बिजली-पानी के बिल संबंधी विवाद, राजस्व मामले और अन्य छोटे-मोटे वादों का निपटारा किया जाएगा। लोक अदालत में निपटाए जाने वाले मामलों को किसी भी अदालत में चुनौती नहीं दी जा सकती।

## 350 करोड़ के बीमा फ्रॉड व 308 करोड़ रुपये बकाया मुआवजा दिलवाने की मांग

# किसान सभा व एसकेएस की चेतावनी 16 तक मांगें मानें, नहीं तो महापड़ाव

किसान संगठनों ने मंगलवार को सांसद, मंत्री और विधायक को सौंपा अपनी मांगों का ज्ञापन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिवानी


**भिवानी।** सांसद को ज्ञापन सौंपते किसान सभा व संयुक्त किसान मोर्चा सदस्य।


**भिवानी।** लंबित मांगों को लेकर ज्ञापन सौंपते भारत मुक्ति मोर्चा के सदस्य।

अखिल भारतीय किसान सभा व संयुक्त किसान मोर्चा के प्रतिनिधिमंडल ने संयुक्त रूप से खरीफ फसल 2023 में क्षेमा फसल बीमा कम्पनी द्वारा 350 करोड़ रुपये के बीमा फ्रॉड के विरोध व रबी फसल 2022-23 का 308 करोड़ रुपये बकाया मुआवजा देने व किसानों की मांगों को लेकर भिवानी-महेंद्रगढ़ लोकसभा क्षेत्र से सांसद धर्मबीर सिंह, राज्यसभा सांसद किरण चौधरी, सिंचाई मंत्री श्रुति चौधरी व विधायक घनश्यामदास सर्राफ को ज्ञापन दिए। सांसद के आवास पर धर्मबीर सिंह को ज्ञापन दिया गया। वहीं राज्यसभा सांसद व सिंचाई मंत्री के आवास पर उनके पीए दिलबाग नीमड़ी व विधायक के आवास पर उनके पीए आनंद सिंह तंवर को ज्ञापन सौंपा।

किसान सभा के जिला प्रधान रामफल देशवाल, उपप्रधान कामरेड ओमप्रकाश, सहसचिव कविता आर्य व कर्णसिंह जैनावास ने आरोप लगाया कि क्षेमा बीमा कंपनी ने ये फ्रॉड राज्य के कृषि कल्याण विभाग के डायरेक्टर व ज्वाइंट डायरेक्टर के साथ मिलकर किया, ऐसे में अब किसान चाहते हैं कि फ्रॉड की उच्च स्तरीय न्यायिक जांच हो, दोषी गिरफ्तार हो, किसानों को ब्याज समेत बकाया बीमा क्लेम की राशि मिले, 2022-23 का 308 करोड़ रुपये बकाया मुआवजा मिले, किसानों को बकाया ट्यूबवैल कनेक्शन जारी हो, डीएपी, यूरिया खाद की प्रयाप्त आपूर्ति हो, बिजली टावरों व तेल पाईप लाईन का न्यायोचित मुआवजा मिले, बिजली निजिकरण, सर्माट मीटर लाने की नीति वापस हो, बढाए गये बिजली रेट वापस करने सहित 14 मागों को लागू करवाने के लिए ज्ञापन सौंपे। किसान प्रतिनिधिमंडल ने बारिश में ही पानी में चलकर इन जनप्रतिनिधियों के आवास पर पहुंचे। उन्होंने कहा कि उनकी मांगों का समाधान नहीं हुआ तो 16 जुलाई से लोहारू एसडीएम कार्यालय पर दिन रात 24 घंटे का अनिश्चितकालीन पड़ाव डाला जाएगा। जब तक बीमा फ्रॉड व बकाया मुआवजे के साथ अन्य मांगों का समाधान नहीं होगा, पड़ाव जारी रहेगा। प्रतिनिधि मंडल में किसान सभा नेता मास्टर शेरसिंह, डॉ. बलबीर ठाकन, रणधीर सांगवान, अशोक आर्य एडवोकेट, नरेश शर्मा, राजबीर कादियान, प्रताप सिंह सांगवान, महाबीर फोजी, बलवान दरोगा, अनूप राठी, मजदूर संगठन सीटू नेता सुखदेव पालुवास सहित कई नेता शामिल रहे।

### भारत बंद: भारत मुक्ति मोर्चा के विभिन्न संगठन सड़कों पर उतरे

■ विभिन्न संगठनों ने प्रदर्शन कर राष्ट्रपति के नाम सौंपा ज्ञापन

**भिवानी।** ईवीएम के विरोध व बैलेट पेपर के समर्थन में केंद्र सरकार द्वारा ओबीसी जाति आधारित जनगणना न करवाए जाने के विरोध में आरएसएस-भाजपा ने मूलनिवासी बहुजन महापुरूषों का अपमान करने के विरोध, बोधगया टेंपल एक्ट-1949 के विरोध तथा असंवैधानिक वक्फ संशोधन-विधेयक-2025 के विरोध में भारत मुक्ति मोर्चा के राष्ट्रीय अध्यक्ष वामन मेश्राम, राष्ट्रीय पिछड़ा वर्ग मोर्चा के अध्यक्ष विकास पटेल के निर्देशानुसार एक जुलाई को भारत बंद का आह्वान किया था। मंगलवार को भिवानी में मोर्चा के प्रदेश उपाध्यक्ष रमेश दहिया के नेतृत्व में चौधरी सुरेंद्र सिंह मैमोरियल पार्क से प्रदर्शन करते हुए लघु सचिवालय पहुंचे तथा उपायुक्त के माध्यम से राष्ट्रपति के नाम मांगपत्र सौंपा।

प्रदेश उपाध्यक्ष दहिया व राष्ट्रीय क्रिश्चियन मोर्चा हरियाणा के प्रदेश उपाध्यक्ष सुरेंद्र भोला ने कहा कि आमजन से संबंधित विभिन्न मांगों को पूरा कर उनके हितों पर किए जा रहे कुठराघात पर रोक लगाने को लेकर भारत बंद किया गया, ताकि सरकार का ध्यान स्वयं की राजनीति चमकाने से हटाकर देश की जनता की तरफ भी आकर्षित किया जा सकें। उन्होंने कहा कि मांगपत्र के माध्यम से ईवीएम की बजाय बैलेट पेपर से चुनाव करवाने, जाति आधारित जनगणना करवाने की समय सीमा निर्धारित करने, महापुरूषों की अवमानना न करने, महाबोधि महाविहार की मुक्ति करने, वक्फ संशोधन विधेयक-2025 का विरोध करने, बहुजन समाज से जुड़े विभिन्न मुद्दों के बारे में प्रदर्शन किया। दहिया व भोला ने कहा कि भाजपा सरकार आरएसएस के मूलनीति पर चलते हुए आमजन विरोधी तथा देश को बांटने के षड़यंत्र रचने में कोई कसर नहीं छोड़ रही, जिसके चलते देश में अराजकता का माहौल पैदा कर नागरिकों का ध्यान मुख्य मुद्दों से हटाकर उन्हें धर्म व जाति के नाम बांटने का काम किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि भारत बंद प्रदर्शन सरकार को चेताने के लिए मात्र चेतावनी हैं। इसके बावजूद भाजपा सरकार आमजन के हितों के प्रति सचेत नहीं हुई तो वे और भी बड़ा प्रदर्शन करने पर मजबूर होंगे। इस अवसर पर सज्जन कुमार काजल, हरीश जमालपुर, सुरेश कायला, सतेंद्र पपोसा, संजीव उमरावत, मनोज उमरावत, रामपाल मेहरा, रामकुमार, राजीव सैनी, विजय कुमार, सुकेंद्ु, अल्पना, कंचन, नेहर खोसला, राजेंद्र लांग्यान, दीपक तोशाम, हेमंत, राकेश, जराम सिंह, विजेंद्र ढ़ाणा लाडनपुर, अमील ढ़ाणा लाडनपुर, रविंद्र सिंह आदि मौजूद रहे।


**तोशाम।** ग्रैंड फिनाले के एकल डांस में बेहतरीन प्रदर्शन करने वाली प्रतिभागियों का स्वागत जुलूस निकालते हुए। *फोटो: हरिभूमि*

# जन्नत का तोशाम में गाजे बाजे के साथ निकला जुलूस

■ केकेएचडी 2025 की उपविजेता बनी तोशाम निवासी तनिष्का शर्मा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| तोशाम

गत 28 जून को केकेएचडी 2025 के ग्रैंड फिनाले के एकल डांस में उपविजेता बनकर तोशाम क्षेत्र का पूरे भारतवर्ष में नाम रोशन करने वाली तोशाम की बेटी तनिष्का शर्मा, जन्नत का बाबा मुंगीपा की पावन धरा तोशाम बाजार में अरेना आर्ट एंड डांस अकादमी के डांसरों तथा अकादमी स्टाफ सदस्यों के साथ विजय जुलूस के रूप में आतिशबाजी सहित गाजे बाजे के साथ नगर परिक्रमा की गई। इस दौरान तोशाम क्षेत्र के लोगों ने होनहार बेटी को पलकों पर बैठाते हुए भरपूर मान सम्मान और स्नेह के साथ उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना कर आशीर्वाद दिया। इस दौरान अकादमी के बच्चों ने नृत्य कर जमकर जश्न मनाया और सभी विद्यार्थियों ने मिठाई खाते हुए तनिष्का शर्मा, जन्नत को बधाई दी, वहीं कस्बे के अनेक लोगों ने खुश होकर होनहार बेटियों को प्रोत्साहन राशि देकर भी सम्मानित किया। इस दौरान तनिष्का शर्मा के पिता डॉक्टर विष्णु दत्त शास्त्री ने बताया कि तनिष्का ने जो अपने नृत्य की कला के दम पर केकेएचडी ग्रैंड फिनाले में पूरे देशभर में से चुनकर आए टॉप बच्चों को मात देकर जो उपलब्धि हासिल की है उससे वह काफी गर्वित हैं। शास्त्री का कहना था कि मात्र 10 वर्ष की उम्र में उनकी बच्ची तनिष्का ने जो मुकाम हासिल किया है वह काबिले तारीफ है और यह सब उसकी मेहनत का परिणाम है। उसकी उपलब्धि पर परिजनों में तो खुशी का माहौल है ही वहीं क्षेत्र में भी खुशी है और सभी तनिष्का को बधाई देते हुए उसके उज्ज्वल भविष्य की कामना कर रहे हैं। इसी खुशी में कस्बे में होनहार डांसर तनिष्का शर्मा, जन्नत का विजय जुलूस निकाला गया जिसमें सभी ने जमकर जश्न मनाया।

**ये रहे उपस्थित**

इस मौके पर तनिष्का के ताऊ ज्योतिषाचार्य कुंज बिहारी शास्त्री, जन्नत के पिता प्रवीण कुमार, डांस प्रशिक्षक विनोद एनिमेटर, कलाकार सुनील चायल, हितेन डेमला, सुमित, सीमा जोशी, सुमन देवी, दिव्या शर्मा, प्रवीण वर्धमान गारमेंट्स, अमित तलेजा, दीपक माहेश्वरी भेरा, रमेश बंसल संडवा वाले, मंजीत फौगाट बागनवाला वाले, संजय बुडाकिया, मोहन तायल, र सुखदेव, जगदीश, सुभाष पेंटर, हर्ष जांगड़ा मौजूद रहे।

# चांदवास से जेवली रोड खस्ता

■ आवागमन में लोगों व वाहन चालकों को हो रही परेशानी।

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बाढड़ा


**बाढड़ा।** गांव चांदवास से जेवली सड़क मार्ग पर निकले रोडें । *फोटो: हरिभूमि*

गांव चांदवास से जेवली की ओर जाने वाला सड़क पिछले काफी समय से खस्ताहाल पड़ा है। सड़क पर जगह-जगह गड्ढे और टूटी सतह के कारण राहगीरों को भारी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। इस सड़क मार्ग से प्रतिदिन सेकड़ो वाहनों का आवागमन होता रहता है। जिससे लोगों को काफी दिक्कतों का सामना करना पड़ता है। शिव कुमार, प्रेम कुमार, मुकेश, राजेश आदि ग्रामीणों का कहना है कि यह सड़क मर6मत की बाट जोह रही है, लेकिन प्रशासन की ओर से अब तक कोई ठोस कदम नहीं उठाया गया। सड़क की जर्जर स्थिति के कारण दोपहिया वाहन चालकों और स्कूली बच्चों को सबसे ज्यादा दिक्कतें हो रही हैं। बारिश के दिनों में तो हालात और भी गंभीर हो जाते हैं। कीचड़ और जलभराव के चलते वाहन चालकों का यहा से गुजरना मुश्किल हो जाता है। कई बार दुर्घटनाएं भी हो चुकी हैं, लेकिन संबंधित विभाग अब तक मौन है।

# डीसी की सेवानिवृत्ति पर सम्मान समारोह

■ डीसी कौशिक ने हरियाणवीं संस्कृति को जीवंत रखने में भी निभाई अहम भूमिका: सुरेश

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिवानी


**भिवानी।** रिटायर्ड उपायुक्त महाबीर कौशिक को सेवानिवृति सम्मानित करते गणमान्य लोग। *फोटो: हरिभूमि*

कीर्ति नगर में सुरेश शर्मा कुहाड़िया के निवास पर रिटायर्ड डीसी महाबीर कौशिक की सेवानिवृत्ति पर सम्मान समारोह हुआ। जिसमें पार्षद अंकुर कौशिक, जिला ब्राह्मण विकास परिषद के प्रधान सिलकराम शर्मा के सामूहिक सहयोग से हुआ, जिसमें महाबीर कौशिक की सेवानिवृत्ति पर उन्हें सम्मानित कर उनके कार्यकाल में भिवानी जिले में हुए विकास कार्यो को याद किया।

सेवानिवृत्त डीसी महाबीर कौशिक ने पंडित नेकीराम शर्मा पार्क में पौधरोपण कर कार्यक्रम की शुरूआत की। सुरेश शर्मा ने कहा कि सेवानिवृत्त होने वाले उपायुक्त महाबीर कौशिक संस्कृति को जीवंत रखने वाले विशेष आईएएस अधिकारी है, जिन्होंने विभिन्न स्थानों पर लोगों की समस्याएं सुनने के साथ अपने रागिनी के हुनर से हरियाणवी संस्कृति की तरफ युवाओं का ध्यान आकर्षित कर अपनी मूल जड़ों से जुड़े रहने को प्रेरित किया।

**ये रहे मौजूद**

उनके कार्यकाल में भिवानी जिले में प्रत्येक क्षेत्र में अभूतपूर्व विकास कार्य हुए, जिन्हें यहां का प्रत्येक नागरिक हमेशा याद रखेगा। कौशिक ने उपस्थितजनों को विश्वास दिलाया कि वे अपनी संस्कृति को जीवंत रखने एवं सामाजिक व्यवस्था से जुड़े रहने का हरसंभव प्रयास करेंगे। इस मौके पर जयभगवान शर्मा, पार्षद जयवीर रंगा, पार्षद अनिल चौहान, पार्षद मनीष, पार्षद मदन, पार्षद प्रतिनिधि कृष्ण शर्मा, अधिवक्ता देवकांत शर्मा, पितांबर शर्मा, राधेश्याम शर्मा कुसुंभी, अनिल शर्मा, संजय मिश्रा ब्राह्मण कल्याण परिषद, प्रवक्ता देवेंद्र अत्री, प्रवक्ता राजवीर धारेड़ू, अनुरोग कोकड़ा, अजय भाटी, रामनारायण रोहिल्ला, प्रदीप खरकिया, प्रदीप मिश्रा आदि मौजूद रहे।

### आधार नामांकन व अपडेट करने को दें प्राथमिकता

**चरखी दादरी।** जिला में संबंधित अधिकारी आधार कार्ड के के नामांकन और अपडेट कराने की प्रक्रिया पर विशेष ध्यान दिया जाए। जन्म के साथ ही प्रत्येक बच्चे का आधार पंजीकरण हो। किसी भी हाल में कोई ना छुटे। उपायुक्त मुनीश शर्मा ने निर्देश दिए हैं कि आधार कार्ड के प्रमाणीकरण, ऑफलाइन सत्यापन व क्यूआर कोड के माध्यम से पहचान की प्रक्रिया पर विशेष ध्यान दिया जाए।

उन्होंने कहा कि जिले के अस्पतालों व टीकाकरण केंद्रों पर आधार पंजीकरण करवाएं, ताकि नवजात शिशुओं और पांच वर्ष से कम आयु के बच्चों का आधार नामांकन किया जा सके। अधिकारियों को आधार नामांकन केंद्रों का नियमित निरीक्षण करने के भी निर्देश दिए हैं ताकि सभी केंद्र सुचारु रूप से कार्य करें।

हरिभूमि
आवश्यक सूचना
जिन पाठकों को अखबार मिलने में किसी भी प्रकार की असुविधा हो रही हो या उनके घर में कोई अन्य अखबार दिया जा रहा हो वह इन टेलीफोन नम्बरों पर सम्पर्क करें या व्हाट्सअप करें :-
हरिभूमि, शॉप नं. 47, इम्प्रूवमेंट ट्रस्ट मार्केट, भिवानी
फोन नं. : 8295157800, 8814999151, 9253681005

मृत्यु अंत नहीं है
मृत्यु कभी भी अंत नहीं हो सकती
मृत्यु एक पथ है, जीवन एक यात्रा है
आत्मा पथ प्रदर्शक है।



हरिभूमि
राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक
इस शोकाकुल समय में हम आपके सहभागी हैं।
तेरहवीं/श्रद्धान्जलि/शोक संदेश
आप अर्पित कीजिये अपने श्रद्धा-सुमन हरिभूमि के माध्यम से

| साईज | संस्करण | विशेष छूट राशि |
| --- | --- | --- |
| 5 X 8 सें.मी<br>10X 8 सें.मी | स्थानीय संस्करण के अन्दर के पृष्ठ पर | रु. 2000/-<br>रु. 2500/- |

+5% GST Extra
नोट : विशेष छूट राशि केवल उपरोक्त साईज़ पर मान्य। अन्य किसी साईज़ के लिए कार्ड रेट लागू।
अधिक जानकारी के लिए सम्पर्क करें
भिवानी : हरिभूमि, शॉप नं. 47, इम्प्रूवमेंट ट्रस्ट मार्केट, भिवानी
फोन : 8814999170, दादरी : 9253681008

# ट्रेनों के पुनः संचालन की मांग

■ भिवानी-इंदौर नई ट्रेन व पुरानी ट्रेन हो बहाल, सौंपा ज्ञापन।

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिवानी


**भिवानी।** भिवानी रेलवे स्टेशन प्रबंधक को ज्ञापन सौंपते रेलयात्री वेलफेयर एसोसिएशन के पदाधिकारी। *फोटो: हरिभूमि*

रेलयात्री वेलफेयर एसोसिएशन के डीआरयूसीसी बीकानेर प्रधान हरीश गोस्वामी, जिला प्रधान पवन, लवली आनंदनी, सचिव ललित कुमार व राहुल जांगड़ा ने उत्तर पश्चिम रेलवे बीकानेर मंडल प्रबंधक के नाम स्टेशन मास्टर को ज्ञापन सौंपा। जिसमें भिवानी से इंदौर नई ट्रेन चलाने व वर्तमान में आंशिक रद ट्रेनों को पुनः भिवानी तक बढ़ाने की मांग की। एसोसिएशन ने मांगपत्र सौंपते हुए बताया कि भिवानी से इंदौर के लिए कोटा, उज्जैन होते हुए एक नई ट्रेन का संचालन किया जाए। जिससे क्षेत्र के हजारों यात्रियों को सीधी कनेक्टिविटी मिल सके।

# खो-खो में हरियाणा बना विजेता

■ दिल्ली के मां गंगा स्कूल में सुपर स्पीड़ खो-खो प्रतियोगिता हुई।

हरिभूमि न्यूज ▶▶| चरखी दादरी


**चरखी दादरी।** विजेता टीम के साथ कोच व खेलप्रेमी। *फोटो: हरिभूमि*

दिल्ली के रजोकरी के मां गंगा विद्यालय में आयोजित सुपर स्पीड के दूसरे संस्करण लीग खो खो चैम्पियनशिप में देशभर से 15 पुरुष टीम और 15 महिला टीमों ने भाग लिया। हरियाणा के कोच नवीन कुमार ने बताया कि निमली गांव में अभ्यास करने वाली पांच खिलाड़ियों ने हरियाणा की टीम से खेलते हुए अपनी टीम को विजेता बनाने में अतुलनीय योगदान दिया है। टीम ने पहला मैच झारखंड, दिल्ली, बिहार, तेलंगाना और फाइनल भी शानदार रहा।

जिसमें हरियाणा ने रोमाचंक मुकाबले में यूपी को हराया। कप्तान दीपिका व उपकप्तान सोनिका ने सभी मैचों में अपना शानदार खेल दिखाया। टीम में कप्तान दीपिका, उपकप्तान सोनिका, पलक, मुस्कान, सोफिया, हिमांशी खिलाड़ी रही और इनके अलावा टीम सदस्य अंशू, प्रियंका, सोनाक्षी, यशिका भी टीम की सदस्य रही।

### अपराध दिन प्रतिदिन बढ़ता जा रहा: राकेश

**बाढड़ा।** आप के जिला सचिव राकेश चांदवास ने कहा है कि प्रदेश में अपराध दिन प्रतिदिन बढ़ता जा रहा है आज प्रदेश में कोई ऐसा दिन नहीं गुजरता कि अपराधी अपराध को वारदात ना देते हो भाजपा सरकार अपराध रोकने में पूर्ण रूप से फेल होती नजर आ रही है। यह बात उन्होंने कस्बे के गांव सिरसली, कारीतोखा, कारीधारणी ,डाडमा आदि गांव में जनसंपर्क अभियान के ग्रामीणों के समक्ष कही। उन्होंने कहा कि आज प्रदेश में हालात इतने खराब है कि विधायकों को धरने पर बैठकर अफसर के बदली करवानी पड़ती है जब भाजपा के विधायकों का यह हाल है तो आम व्यक्ति के साथ 1या होती होगी सहज अंदाजा लगाया जा सकता है। गुजरात और पंजाब में उपचुनाव जीतकर आप ने यह साबित कर दिया कि आज भी लोगों के दिलों में आप है।

## पंचकूला राज्य स्तरीय मुक्केबाजी प्रतियोगिता में छाए भिवानी के खिलाड़ी

# भिवानी पहुंचने पर विजेताओं का किया स्वागत

हरिभूमि न्यूज : भिवानी


**भिवानी।** पदक विजेता मुक्केबाजों को सम्मानित करते अतिथि।

मिनी क्यूबा के नाम से मशहूर भिवानी के मुक्केबाजों ने एक बार फिर अपने मुक्के का दम दिखाते हुए राज्य स्तरीय बॉक्सिंग प्रतियोगिता में भिवानी व प्रदेश का नाम रोशन किया है। पंचकूला में 27 से 29 जून तक हुई राज्य स्तरीय बॉक्सिंग प्रतियोगिता में भिवानी के युवा मुक्केबाजों ने शानदार प्रदर्शन कर पांच गोल्ड, एक सिल्वर व तीन ब्रांज सहित कुल नौ पदक जीते। प्रतियोगिता में भीम स्टेडियम के मुक्केबाजी कोच राहुल के नेतृत्व में 10 लड़के व पांच लड़कियों ने हिस्सा लिया तथा अब वे अपने गृह जिले में नायकों की तरह लौट रहे हैं।

**लड़के ओवरऑल विजेता**

इसके अलावा लड़कों की टीम ने प्रतियोगिता में ओवरऑल ट्रॉफी भी अपने नाम की। पदक विजेता खिलाड़ियों का मंगलवार को भीम स्टेडियम में सम्मान समारोह का आयोजन किया। मुक्केबाजी कोच राहुल ने बताया कि 27 से 29 जून तक पंचकूला में हुई लड़के व लड़कियों की राज्य स्तरीय बॉक्सिंग प्रतियोगिता में लड़कों के 60 किलोग्राम भारवर्ग में सौरभ, 70 किग्रा में जतिन व 90 किग्रा में रोबिन ने गोल्ड, 50 किग्रा में मोहित ने सिल्वर, 65 किग्रा में रीतिक, 80 किग्रा में दक्ष व 90 से अधिक किलोग्राम भारवर्ग में दक्ष ने ब्रांज मेडल हासिल किए।

**मोनिका-निधि का गोल्ड पंच**

लड़कियों के 51 किलोग्राम भारवर्ग में मोनिका व 65 किग्रा भारवर्ग में निधि ने स्वर्ण पदक जीते। पदक विजेता खिलाड़ियों का सम्मान समारोह आयोजित कर उन्हें सम्मानित किया। इस मौके पर जिला खेल अधिकारी सतेंद्र कुमार ने बताया कि लड़कों के वर्ग में भिवानी के मुक्केबाजों ने अपने कौशल और दृढ़ संकल्प का प्रदर्शन किया। वहीं लड़कियों ने भी बेहतर प्रदर्शन से सबको प्रभावित किया। प्रतियोगिता में भिवानी के मुक्केबाजों ने एक बार फिर साबित कर दिया कि भिवानी सिर्फ लड़कों की ही नहीं, बल्कि लड़कियों की बॉक्सिंग में भी मजबूत शक्ति है। डीएसओ ने कहा कि ये प्रदर्शन भिवानी को मिनी क्यूबा के रूप में उसकी प्रतिष्ठा को और मजबूत करता है, जो भारतीय बॉक्सिंग में लगातार प्रतिभा का उत्पादन कर रहा है।